हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 1 जुलाई 2024



04 उन्तालीस वें चरण के साथ समाप्त हुआ साप्ताहिक...



08 37 लाख रुपए से बनकर तैयार हुई गौशाला...



## खबर संक्षेप

### अहिल्याबाई होल्कर की जन्म शताब्दी वर्ष पर संगोष्ठी आयोजित की

**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग ने अहिल्याबाई होल्कर की जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान जिले के साथ अन्य जगहों से भी बड़ी संख्या में इतिहासकार मौजूद रहे। अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए कार्यों के बारे में जानकारी भी इस दौरान दी गई। बताया गया कि कई जगहों पर अहिल्याबाई होल्कर को लेकर दी गई जानकारियां आधी अधूरी हैं उन्हीं से सबको अवगत कराने के लिए इस प्रकार की संगोष्ठियों किया जा रहा है।

### जनरल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष बने फरहत



**विदिशा।** जनरल मोहर्रम कमेटी की बैठक इमामबाड़े में रखी गई। बैठक में सर्वसम्मति से चौधरी फरहत अली को जनरल मोहर्रम कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान मुशाहिद (मुस्सी) अली, चुनाव अधिकारी के रूप में संतोष जाट, मनोज पंडित, मंजर आलम कुरैशी मौजूद रहे। वर्तमान अध्यक्ष चौधरी मुशाहिद (मुस्सी) अली जी द्वारा इस्तीफा देकर नए अध्यक्ष चौधरी फरहत अली जी को कार्यभार सौपा।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर करेंगे उपवास

**विदिशा।** ग्राम ककरूआ में रेलवे लाइन होने की वजह से ज्यादातर समय मूडरा फाटक बंद रहता है। ककरूआ के पश्चिम में बेतवा नदी पर आवागमन का रास्ता नहीं है। जिसके कारण चार गांव के लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में विदिशा जाने के लिए ग्राम ककरुआ से 1 किलोमीटर लंबी सड़क सौराई पंचायत की ओर और सौराई से एक किलोमीटर ककरूआ की ओर सड़क बनाई जाती है तो ककरूआ, इमलिया जागीर, बंधेरा, बहलौट के चार ग्रामवासी रिंग रोड से जुड़ सकते हैं। हरिओम शर्मा ने बताया कि इस समस्या को लेकर 1 जुलाई की दोपहर 1 बजे से उपवास शुरू करेंगे। गांव की यह बहुत पुरानी समस्या है और इस समस्या के हल के लिए पूर्व में भी जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर समस्या के बारे में बताया गया लेकिन कोई प्रयास नहीं हुए।

### पंडाल में घुसा पानी, आवागमन की उचित व्यवस्था न होने से परेशानी

# शिवमहापुराण कथाः ट्रेनें फुल, हाईवे पर जाम, पहले दिन एक लाख श्रद्धालु पहुंचे

- **पं. प्रदीप मिश्रा** बोलेः घर में बनाओगे अनुशासन तो पैदा नहीं होगा दुशासन
- **मूसलाधार** बारिश के बाद भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे कथा सुनने।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गिरधर कॉलोनी में रविवार से शुरू हुई पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा के पहले दिन करीब 1 लाख श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। कथा शुरू होते ही मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसके बाद भी हजारों की संख्या में लोग पंडाल के बाहर बरसते पानी में बैठकर कथा सुनते रहे।

गर्मी को देखते हुए पंडाल के चारों ओर पानी की व्यवस्था की गई है। गर्मी को देखते हुए पंडाल में 300 से ज्यादा पंखे-कूलर लगाए गए हैं। जिससे पंडाल में ठंडक बनी रहे। 50 से ज्यादा बड़ी स्क्रीन लगाई गई हैं। जिससे कि दूर से भी भक्त आराम से पंडित प्रदीप मिश्रा को देख सकें व कथा सुन सकें। इतना ही नहीं रोजाना 10 हजार श्रद्धालुओं के लिए भोजन व्यवस्था भी की जा रही है और भोजन बनाने के लिए अंगद सेना के 100 से ज्यादा सेवादार लगाए गए हैं।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा में पहले दिन कहा कि घर में अनुशासन बनाओगे तो दुशासन पैदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को हर हाल में संस्कारित बनाइए। इस दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने धर्म जाति के नाम पर होने वाले भेदभाव को लेकर कहा कि रक्त सिर्फ रक्त होता है वो किसी जात का नहीं होता और जब हम परमात्मा के द्वार पर पहुंचते हैं तो वहां जाति नहीं बल्कि कर्म देखा जाता है। आयोजन समिति के धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं के लिए सुबह - शाम भोजन की व्यवस्था रखी गई है। शिवमहापुराण कथा में जुटने वाली लाखों लोगों की भीड़ को देखते हुए गिरधर कॉलोनी में 25 एकड़ में पंडाल लगाया गया है। अलग अलग स्थानों पर 200 एकड़ में गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

**कथा सुनने दूर-दूर से विदिशा आ रहे श्रद्धालु**





सड़क पर सुनी कथा



महिलाओं में आस्था

### कथा स्थल पर पुलिस और डॉक्टर भी तैनात

विदिशा सागर बायपास पर गिरधर कॉलोनी में प्रारंभ हुई शिव महापुराण की कथा में लाखों की संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यवस्था के साथ आपातकालीन सेवा भी लगाई है। जिलेभर के अलावा बाहर से भी पुलिस बल बुलाया है। 24 घंटे यहां अस्पताल की दो एंबुलेंस और डॉक्टर कथा स्थल के पास मौजूद हैं। राधा रानी पर की गई टिप्पणी और बरसाना जाकर पंडित मिश्रा द्वारा क्षमा मांगने के बाद यह उनकी पहली कथा है।

### ऑटो चालक 3 किमी के ले रहे 150 रुपए

रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से श्रद्धालुओं को कथा स्थल तक पहुंचाने के ऑटो चालक प्रति सवारी 150 से 200 रुपए तक ले रहे हैं। कथा स्थल शहर के बाहर होने के कारण ऑटो या बाइक से ही यहां पहुंचा जा सकता है। इसी का फायदा ऑटो चालकों द्वारा उठाया जा रहा है। कथा स्थल पहुंचने के लिए करैयाखेड़ा मार्ग तय किया गया था, लेकिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अहमदपुर चौराह और पूरनपुरा गली नंबर पांच से कथा स्थल पहुंच रहे हैं। कथा के दौरान कॉलोनी का गेट बंद करने के कारण श्रद्धालु खेतों में से कथा स्थल से वापस लौटे।

## अनियमितताओं के मामले में सहकारिता उपायुक्त ने कार्रवाई के निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

**खबर का असर**

मार्केटिंग सोसायटी विदिशा के खरीदी केंद्र पर हुई अनियमितताओं के मामले में सहकारिता उपायुक्त ने कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद सहकारिता उपायुक्त पीएस बरोटिया ने सहकारी विपणन संस्था मार्यादित विदिशा के पूर्व प्रबंधक चंदन सिंह रघुवंशी पर कार्रवाई करने के निर्देश प्रशासक को जारी कर दिए हैं। शिकायतों के जांच प्रतिवेदन अनुसार वैधानिक कार्रवाई करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद कार्रवाई करने के यह आदेश जारी किए गए हैं।

वर्ष 2020-21 धान खरीदी में घोटाला सामने आया था। शिकायतकर्ता आरएस ठाकुर की शिकायत पर जांच की गई थी। जबकि जांच में जो बिंदू सामने आए उनमें स्पष्ट था कि अनियमित्ताएं हुई हैं। लेकिन कार्यालयीन समीक्षा में यह भी समाने आया है कि जांच रिपोर्ट में जांच के बिंदुओं से भी प्रथक टिप्पणियां सामने आई हैं।

## पुलिस ने पकड़ा टी-20 वर्ल्डकप फाइनल महामुकाबले का सट्टा

- कुरवाई पुलिस ने दो कीमती मोबाइक बरामत किए।
- आरोपी के खाते में भारी भरकर राशि ट्रांसफर होने की बात समाने आई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कुरवाई पुलिस ने वार्ड 2 में टी-20 वर्ल्डकप फाइनल महामुकाबले में सट्टा खिलाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोहिल उर्फ शानू वार्ड क्रमांक 2 में मोबाइल पर हार जीत का दाव लगाकर क्रिकेट सट्टा खिला रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। आरोपी सोहिल उर्फ शानू अली पिता जफर अली निवासी वार्ड 2 के पास से क्रिकेट सट्टा पर्ची, 1500 रुपए नगदी दो मोबाइल, एक आईफोन 15 प्रो मैक्स जिसकी कीमत 1.5 लाख रुपए तथा दूसरा मोबाइल वीवो कंपनी का जिसकी कीमत 54 हजार रुपए है जब्त किया गया। आनलाइन ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है जिसमें और सट्टे संबंधी 14 लाख 22 हजार 469 रुपए आहरण की जानकारी पुलिस को मिली है।



## दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

खंदा घाटी पर दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार की रात 8:30 बजे बाइक सवार भागचंद साहू उम्र 52 वर्ष ग्यारसपुर से बगरोद चौराह की तरफ जा रहे थे। खंदा घाटी पर मेंन रोड पर खड़े ट्रक में बाइक घुस गई।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक दिन पूर्व इसी ट्रक में एक दूसरा ट्रक घुस गया था। जिसमें एक ही परिवार के चार लोग गंभीर घायल हुए । वहीं 22 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक में चापड़ भरा है। घाटी पर ट्रक चढ़ते समय अनियंत्रित हो गया जिससे ट्रक घाटी नहीं चढ़ पाया और रास्ते में ही ट्रक को रोकना पड़ा। ट्रक रास्ते में रोड पर बाएं तरफ खड़ा था। जिसके चलते यह दोनों दुर्घटनाएं हुई हैं। जिसमें दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया है कि यदि ट्रक ड्राइवर या क्लीनर ट्रक के पीछे तरफ 15 से 20 फीट दूर सड़क पर पत्थर रखकर या कोई या संकेत खड़ा कर देते या बैरीकेड्स लगा दिए जाते तो शायद दुर्घटनाएं होने से बच जातीं।



विदिशा। हादसों के बाद ट्रक को खाली कर माल दूसरे ट्रक में भरा जा रहा है।

## आचार्य विद्यासागर महाराज का 57वां दीक्षा दिवस मनाया

**विदिशा।** आचार्य विद्यासागर महाराज के 57वें दीक्षा दिवस के अवसर पर परिणय गार्डन में धर्मसभा का आयोजन किया गया। धर्मशाभ को संबोधित करते हुए निर्यापक मुनिश्री वीरसागर महाराज ने कहा कि 20 वर्ष की उम्र में कर्नाटक का एक युवक आचार्य ज्ञानसागर महाराज के पास अपने आपको समर्पित कर मोक्ष मार्ग पर चलने की भावना लेकर पहुंचता है। तो आचार्य ज्ञानसागर कहते हैं कि नाम ही तुम्हारा विद्याधर है ज्ञान प्राप्ति के पश्चात उड़ जाओगे तो ब्र.विद्याधर ने उसी समय से आजीवन वाहन का त्याग कर दिया। मुनि श्री ने कहा जो दृश्य दिख रहा है उसे तो सभी देख लेते हैं, लेकिन जो अदृश्य है उसे वही देख पाता है जिनकी नजर पारखी हो। आचार्य ज्ञान सागर ने विद्याधर में भगवान महावीर की परंपरा को हजारों हजार वर्ष तक जीवंत रखने वाला एक साधक नजर आया। उन्होंने 30 जून 1968 को अजमेर नगर में सोनी जी की नसियां में दीक्षा देकर एक नए युग की शुरुआत कर दी। मुनि श्री ने कहा कि साधना के माध्यम हमें महापुरुषों के जीवन चरित्र पढ़ने का मौका मिलता है।



## दोपहर में तेज हवा के साथ हुई जोरदार बारिश इस सीजन में लटेरी में हुई सबसे ज्यादा वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मौसम में लगातार उतार चढ़ाव बना हुआ है। रविवार सुबह से मौसम सामान्य था और धूप निकली थी। दोपहर के बाद मौसम में बदलाव हुआ और झमाझम बारिश होने लगी। जिसके चलते मौसम खुशनुमा हो गया।

जिले में मानसून की एंट्री हो चुकी है, तीन दिन पहले जोरदार बारिश हुई थी उसके बाद बारिश का मौसम तो बना पर बारिश नहीं हुई। उमस भरी गर्मी ने लोगों बेहाल कर रखा है। रविवार को हुई बारिश के चलते शहर की सड़कें तरबतर हो गईं। वहीं कुछ इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। बच्चे गली में जमा हुए बारिश के पानी में मस्ती करते रहे। मौसम में आए परिवर्तन के कारण तापमान लुढ़ककर 32 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि अब भी उमस ने लोगों का बेहाल कर रखा है। वहीं, मौसम विभाग की माने तो आने वाले कुछ दिनों में जिले में जोरदार बारिश की संभावना है।

1 जून से अब तक विदिशा जिले में कुल 146.2 मिमी औसत बारिश हुई है। इसमें से सबसे ज्यादा 385.1 मिमी बारिश लटेरी तहसील में हुई है। जबकि नटेरन में 178, विदिशा तहसील में 108, सिरोंज तहसील में 129 मिमी, पठारी में 164, ग्यारसपुर में 124, गुलाबगंज में 92, कुरवाई में 129, बासौदा में 86.4 और शमशाबाद में सबसे कम 66 मिमी बारिश हुई हैं।



विदिशा। कई कॉलोनियों में सड़कें न होने के कारण बन रही ऐसी स्थिति।



## खबर संक्षेप

### पांच पौधों का रोपण आज

**गंजबासौदा।** सोमवार को श्रमदान दल द्वारा संचालित जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम के क्रम में पांच पौधों का रोपण किया जाएगा। यह पौधरोपण ग्रंथ एवम वेदांत भार्गव शिवपुरी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में किराना व्यापार संघ, वीरेंद्र जैन रुचिला, रुचिला मसाला एवम मोटर्स, अमित कुमार जैन संस्कृति ज्वेलर्स एवम अभिषेक भार्गव, यूनियन बैंक के सहयोग से दयोदय पशु सेवा सदन, बर्री घाट रोड स्थित गौ शाला में दोपहर 1 बजे किया जाएगा।

### करंट लगने से दो घायल

**गंजबासौदा।** रविवार को इमली चौराह के पास इलेक्ट्रिकल्स की दुकान संचालित करने वाले दो युवकों को बोर्ड टांगते समय करंट लग गया। घायलों को चिकित्सालय में पहुंचाया गया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया।

### जनसंवाद कार्यक्रम आज

**गंजबासौदा।** 1 जुलाई से अंग्रेजों के समय से देश में लागू भारतीय दंड विधान के स्थान पर नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता लागू होने के संबंध में शहर थाना परिसर में दोपहर 12 बजे एवं देहात थाना परिसर में 1 बजे जन संवाद आयोजित किया गया है। जिसमें लोगों से शामिल होने की अपील की गई है।

## नदी से निकले कचरे के निराकरण के लिए नपाध्यक्ष व सीएमओ का आभार

# उन्तालीस वें चरण के साथ समाप्त हुआ साप्ताहिक श्रमदान अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नदी जल स्वच्छता संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए निरंतर कार्यरत श्रमदान दल द्वारा संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 रविवार को उन्तालीस वें चरण के श्रमदान के साथ साप्ताहिक श्रमदान अभियान के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर श्रमदान दल ने नदी में से निकाले गए कचरे को डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाने के लिए नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव और सीएमओ जयंत वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए आगामी समय में भी ऐसा ही सहयोग मिलने की कामना की।

उल्लेखनीय है कि गत 25 फरवरी 2021 से निरंतर चल रहे नदी जल स्वच्छता के इस अभियान में श्रमदान दल के सदस्य नौ महीने तक नदियों की स्वच्छता, संरक्षण एवं जन जागरूकता के लिए कार्य करते हैं। इसके बाद मानसून के सक्रिय होते ही बारिश के तीन महीने तक दल द्वारा नगर एवं नगर के आसपास के क्षेत्रों में पौधरोपण कार्य किया जाता है। रविवार को रिमझिम बारिश के बीच श्रमदान दल के सदस्य बेतवा नदी के रिपटा घाट पहुंचे। गत रात्रि में हुई बारिश के चलते घाट पर चारों ओर कीचड़ ही कीचड़ व्याप्त थी। इसके बावजूद दल के सदस्यों द्वारा पूरे उत्साह और जोश के साथ घाट के इर्द गिर्द फैले विभिन्न प्रकार की प्लास्टिक सामग्री, पॉलिथीन, शराब की बोतल एवं पानी बोतले, अंध विश्वास के चलते नदी किनारे छोड़े गए कपड़े, पूजन हवन सामग्री, फूल मालाएं, अंत्येष्टि के दौरान घाट किनारे छोड़ी गई सामग्री आदि को निर्धारित स्थान पर एकत्रित किया। जिसे बाद में दल के सदस्यों के आग्रह पर नगर पालिका द्वारा जेसीबी मशीन एवं ट्रेक्टर ट्राली की सहायता से एकत्रित कर डंपिंग ग्राउंड भेजा गया। दल ने बताया कि जिले में मानसून की सक्रियता को ध्यान में रख कर दल के सदस्यों ने साप्ताहिक श्रमदान अभियान को आगामी तीन महीनों तक बंद करने की घोषणा की। साथ ही साप्ताहिक श्रमदान के दौरान कचरे को समय समय पर डंपिंग ग्राउंड भेजने में सहयोग के लिए नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सीएमओ का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही दोहराया कि दल का हर एक सदस्य नदी जल स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध है जब तक समाज का हर एक वर्ग नदियों की स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नहीं हो जाता, तब तक साप्ताहिक श्रमदान अभियान चलाया जाता रहेगा। रविवार को संपन्न हुए स्वच्छता कार्यक्रम में राकेश रघुवंशी, आकाश जैन, अजय कुमार गुप्ता, नितिन अग्रवाल, दिनेश चौरसिया, एवन सिंह विश्वकर्मा, रुद्रांश सिंह राजपूत एवम रामराज विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने रविवार को भोपाल पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त राशि शीघ्र जारी किए जाने, नगर पालिका क्षेत्र के लंबे समय से अटके पडे परिसीमन को शीघ्र स्वीकृत कराने, पलोड नगर से बैतोली फाटक तक सीसी रोड पर डामरीकरण कराने और पारासरी नदी के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए विशेष अनुदान दिलाने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने नपाध्यक्ष की इन मांगों पर गंभीरता दिखाते हुए तत्काल ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ पंचतत्व संरक्षण समिति के संस्थापक अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

## घर में निकला छह फीट लंबा सांप, सर्पमित्र ने पकड़कर सुरक्षित स्थान पर किया मुक्त



**गंजबासौदा।** बारिश का सीजन शुरू हो गया है और ऐसे में जहरीले जीव जंतु भी अपने बिलों से बाहर निकलने लगे हैं। ये जीव भोजन एवं सुरक्षित आश्रय की तलाश में रहवासी क्षेत्र में पहुंच जाते हैं और अकसर घरों में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे जहरीले जंतुओं से लोगों को भय बना रहता है। रविवार को भी रजौदा रोड निवासी एडवोकेट नवलसिंह मीणा के घर में एक सांप घुस गया। जिसे सर्प मित्र शिवम शर्मा की मदद से पकडवाकर सुरक्षित स्थान पर मुक्त किया गया। सर्प मित्र शिवम शर्मा ने बताया कि मीणा जी के घर से पकडा गया सांप रैट स्नैक यानि चूहे खाने वाला सांप था। जो करीब पांच छह फीट लंबा था। ऐसे सांप कम जहरीले होते हैं और मनुष्यों के लिए हानिकारक नहीं हैं। हांलाकि सांपों से भय तो होता ही है। यह सांप भी सुबह के समय घर में नजर आया था, लेकिन बाद में गायब हो गया था। दोपहर बाद यह सांप घर के कोने में पडे एक पाइप में रखे चिडिया के अंडों को खाने के लिए पहुंचा और घर के सदस्यों को नजर आ गया। जिसके बाद शिवम शर्मा ने उसे पकडकर सुरक्षित स्थान पर छोड दिया। वहीं हतौड़ा के पास औद्यौगिक क्षेत्र स्थित कारखाने पर दो गोहरे होने की भी सूचना मिली थी। जिन्हे बाद में मौके से पकड़ लिया गया। बारिश के सीजन में यह जहरीले जीव-जन्तु घरों में घुस जाते हैं, जिनसे लोग भयभीत होते हैं। कई बार लोग इन जीव-जन्तुओं को मार देते हैं। जबकि इन्हे रेस्क्यू कर सुरक्षित पकड़ा जा सकता है। यदि किसी घर में ऐसे जीव-जन्तु दिखाई दें तो वह सर्प मित्र शिवम शर्मा के मोबाइल नं. 9098115004 से संपर्क कर सकते हैं।

## रात को लगी ट्रांसफार्मर में आग, सुबह गांव में पेड़ गिरने से टूटे तार





गंजबासौदा। गत दिवस पचमा बायपास मार्ग पर एक विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक से आग लग गई। इस घटना के बाद वहां अफरा तफरी मच गई। बाद में नागरिकों ने विद्युत कंपनी कर्मचारियों को ट्रांसफार्मर में आग की सूचना दी और विद्युत प्रदाय बंद कराया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों भीषण गर्मी के चलते नगर एवं आसपास के कई विद्युत ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटनाएं हो रही थीं। वहीं अब बारिश के समय में भी विद्युत ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। जिससे लोगों को घंटों तक विद्युत प्रदाय ठप रहने से असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उधर रविवार की सुबह ग्राम स्यारी में एक वृक्ष की शाखा टूटकर पास से गुजरी विद्युत लाइन पर आ गिरी। जिससे विद्युत लाइन का एक तार टूट गया। बाद में इस टूटी शाखा को काटकर हटाया गया और टूटे हुए विद्युत तार की मरम्मत की गई। इस बीच घंटों तक गांव में भी विद्युत प्रदाय ठप रहा और लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

## महिला जैन मिलन ने माताजी की अगवानी के बाद किया पौधरोपण



गंजबासौदा। त्रिमूर्ति महिला जैन मिलन ने रविवार को आर्यिका रत्न 105 विपुल मति माताजी एवं 105 विमुक्त माताजी, 105 विमलमति माताजी एवं क्षुल्लिका 105 विशाल मति माताजी ससंघ अगवानी की। इसके बाद आचार्य श्री विद्यासागर जी के 56 वें गुरू दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया। वृक्ष ही जीवन का आधार है के सूत्र वाक्य के साथ यह पौधरोपण कार्यक्रम भडेरू रेलवे फाटक के पास आयोजित किया गया। जिसमें महिला जैन मिलन ने विभिन्न प्रजातियों के 160 से अधिक पौधे रोपे और इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भूमि स्वामी ने ली। इस अवसर पर त्रिमूर्ति महिला जैन मिलन की पूर्व अध्यक्ष रजनी जैन, वर्तमान अध्यक्ष मोना पुनीत जैन, मंत्री अंशुल सोनू जैन, हर्षा गुडिया, अलका, निधि, भावना, सोनम, साधना, निधि, सुरभि, रिया सहित अन्य वीरांगनाएं शामिल थीं।

# सिंधु विश्वविद्यालय अहमदाबाद के आर्टिटेक्ट का दल आया उदयपुर प्रवास पर, कर रहा है प्राचीन नगरी का अध्ययन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इंटेक भोपाल के माध्यम से सिंधु विश्वविद्यालय, अहमदाबाद के द्वितीय वर्ष के वास्तुकला के 24 छात्र अपने संकाय एसोसिएट प्रोफेसर एआर के साथ 11 वीं सदी के इस नगर एवं मंदिर की उत्कृष्ट वास्तुकला का अनुभव करने के लिए उदयपुर गांव में प्रवास कर भ्रमण कर रहे हैं। यह यात्रा संयोजक इंटेक मदन मोहन उपाध्याय के मार्गदर्शन में की जा रही है। मदन मोहन उपाध्याय भी अपनी टीम के साथ इस प्रवास में शामिल हैं। इस प्रवास एवं अध्ययन में छात्र दस्तावेज़ीकरण, माप चित्र और विस्तृत फोटोग्राफी के माध्यम से ऐतिहासिक नगर नियोजन, सड़क संगठन, आवासीय और धार्मिक वास्तुकला की विभिन्न बारीकियों का अध्ययन कर रहे हैं। दस्तावेज़ीकरण के साथ-साथ वे स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करने में भी समय व्यतीत करेंगे ताकि उन्हें दैनिक जीवन में विभिन्न स्तरों पर आने वाली समस्याओं का एहसास हो सके। चाहे वह पानी की आपूर्ति, जल निकासी, सफाई या बिजली व्यवस्था हो। ये इंटरैक्शन अंतिम उपयोगकर्ताओं से लेकर सरकार के नीति 9निर्माताओं तक एक बहु हितकारी होंगे। संस्थान और छात्रों को यह समझने का एक शानदार अवसर देगा कि वास्तविक जीवन के मुद्दों को कैसे संबोधित किया जाता है। यह कार्यशाला छात्रों के लिए सीखने का एक बेहतरीन मॉडल हो सकती है जहां उन्हें जमीनी स्तर पर दस्तावेज़ीकरण और समस्या समाधान का व्यावहारिक अनुभव मिलता है। यह दल इस प्राचीन नगरी की प्राचीन शिल्पकला, जलस्त्रोत, सडकें, भवन, मंदिर निर्माण आदि का अध्ययन करेगा।



## हल्के बादलों के बीच सुहानी हुई शाम

**गंजबासौदा।** पिछले कुछ दिनों से आसमान पर गहराते बादलों और उनसे हो रही बारिश के बीच रविवार को दिन में बारिश थमी रही। जबकि शाम को आसमान पर हल्के बादल छाए रहे। बारिश के कारण गर्मी का असर कम होने और आंशिक रूप से बादलों के आसमान पर छाए रहने से मौसम सुहावना हो गया और ऐसे में सूरज ढलते समय शाम का नजारा भी मनमोहक हो गया। चित्र रेलवे स्टेशन रोड पर स्ट्रीट लाइट की रोशनी के बीच सुहानी शाम का।

## मोतियाबिंद के 13 मरीज हुए चिन्हित

# शिविर में 104 नेत्र रोगियों की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सद्गुरु विज़न सेंटर पर आयोजित नेत्र शिविर में डॉक्टर राजकरण वर्मा ने 104 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए। डॉ वर्मा ने मरीजों से अनुरोध किया कि वह प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण कराएं ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों से सामना न करना पड़े। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले एवं मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रदेश प्रभारी डॉ एके जैन जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास जी की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा 50000 से अधिक ऑपरेशन निशुल्क किए जाते हैं जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर समाजसेवी विजय अरोरा, संजीव शर्मा, दिनेश वर्मा, आनंद मिश्रा, रामकुमार, सरदार सिंह सिसोदिया सहित नागरिक गण उपस्थित थे।

शिविर में 43 लोगों को दवाइयां का वितरण किया गया वहीं 13 से अधिक मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए। 29 मरीजों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई। वहीं 19 लोगों को ऑपरेशन के पश्चात चश्मे भी प्रदान किए गए। सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा मरीज को ऑपरेशन के पश्चात निशुल्क काला चश्मा एवं दवाई प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने नेत्र रोगियों से अनुरोध किया कि वह ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ उठाएं।

# अभियान के तहत जारी है जन-जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




श्रमदान दल द्वारा 85 पौधों की श्रंखला में छठा एवं सातवा पौधा रोपित किया गया। मानसून की दस्तक के साथ ही श्रमदान दल द्वारा नगर में पौधा रोपण कार्यक्रम की शुरुआत भी की जा चुकी है। इस वर्ष हर व्यक्ति को पौधरोपण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम में श्रमदान दल द्वारा जन सहयोग से आगामी चार महीनों में कम से कम 05 पौधे प्रति सप्ताह की दर से ट्री गार्ड सहित कुल 85 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लोगों को पर्यावरण और पौधरोपण से जोड़ने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जन्म दिवस के उपलक्ष्य में, वैवाहिक वर्ष गांठ के अवसर पर एवं अपने परिजनों की पुण्य स्मृति व याद में कम से कम एक पौधा लगाने की अपील श्रमदान दल द्वारा निरंतर की जा रही है। नतीजन लोग कार्यक्रम से जुड़ भी रहे हैं। जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम में श्रमदान दल ट्री गार्ड की सहायता राशि लोगों से ले रहा है जबकि पौधा की लागत एवम पौधा लगाने के लिए लगाने वाला श्रम एवम अन्य व्यय दल के लोग वहन कर रहे है। साथ ही विशेष बात यह भी है कि इस बार दल द्वारा रोपित किए जा रहे पौधे पूर्णतया हाईब्रिड, पांच से छह फीट ऊंचे एवम विकसित हैं।

रविवार को स्व सुनीता शर्मा धर्मपत्नी विनोद शर्मा की प्रथम पुण्य स्मृति पर विनोद शर्मा परिवार एवम रविवार प्रोटोकॉल ग्रुप के संयुक्त सहयोग से आम और आंवला के दो पौधे शारदा धाम, अनिल अग्रवाल के पत्थर स्टाक के समीप, विधायक जी के घर के पीछे रोपित किए गए। पौधों को रोपित करने से पूर्व शर्मा के परिजनों, रविवार प्रोटोकॉल ग्रुप के सदस्यो एवम श्रमदान दल के सदस्यों ने स्व सुनीता शर्मा को याद करते हुए उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।



तत्पश्चात रविवार प्रोटोकॉल ग्रुप के सदस्य व व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनोज डागा एवम पूर्व सराफा व्यापार संघ के अध्यक्ष श्रीबाबू गर्ग द्वारा नगर के लोगों से पर्यावरण प्रदूषण तथा बढ़ते तापमान को ध्यान में रखकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की गई। पौधारोपण के दौरान रविवार प्रोटोकॉल ग्रुप से विनोद कुमार शर्मा, धर्म चंद्र ओसवाल, अनिल अग्रवाल, रामसेवक शर्मा, अशोक जैन, श्रीबाबू गर्ग, मनोज डागा, मुकेश अरोड़ा, सतीश महेश्वरी, संजय भावसार, कैलाश नारायण चौरसिया, श्रवण अग्रवाल, संजीव जैन झंकार, हनी शर्मा सहित श्रमदान दल के सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने मुस्कान जैन को दी डॉक्टरेट की डिग्री

**सिरोंज।** भोपाल के मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में सिरोंज की बेटी डॉ मुस्कान जैन को विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गई। कहते हैं, कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इसी बात का जीता जागता उदाहरण हमारे समाज की बेटी डॉक्टर मुस्कान ने प्रस्तुत किया है अपने जीवन में आई अनेक प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य से तनिक भी नहीं ढिगी और अपने पिता,परिवार एवं परिजन के सपने को साकार करने के लिए अपना तन मन लगाकर अथक परिश्रम करते हुए आज मुस्कान जैन ने अपना डॉक्टर बनने का सपना सच कर दिखाया और परिवार के चहरे पर मुस्कान बिखेर दी।

### बजरंग दल ने ब्रहार घाट पर किया पौधरोपण



**सिरोंज।** 21 से 30 जून तक मनाए जा रहे सफाई सप्ताह कार्यक्रम के आयोजन के अंतर्गत बजरंग दल कार्यकर्ता द्वारा लटेरी रोड स्थित ब्रहार घाट पर पहुंचकर पूरे परिसर की साफ-सफाई की। साथ ही परिसर में पौधरोपण किया।

### पेपर लीक, घोटाले को लेकर पुतला दहन आज

**सागर।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेश में हुए नर्सिंग कॉलेज घोटाले एवं नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर जिला कांग्रेस के द्वारा चिकित्सा मंत्री का पुतला दहन किया जायेगा। कांग्रेस जन सोमवार को दोपहर 12 बजे सिविल लाइन चौराहे के पास एकत्र होंगे एवं पैदल मार्च निकालेंगे।

संगठन के कार्यकर्ता एवं मतदाता सम्मान समारोह में किया सांसद का अभिनंदन

# पंच से सांसद बनने तक मिला जन आशीर्वाद, अब विकास करेंगे: लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज





सांसद बनकर पहली बार सिरोंज लटेरी विधानसभा में संगठन के कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करने पहुँची। सागर लोकसभा की सांसद लता वानखेड़े ने सभागार में उपस्थित विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं का पुष्पवर्षा कर सिरोंज लटेरी विधानसभा से ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए अभिनंदन किया। विधानसभा की ओर से विधायक उमाकांत शर्मा ने वरिष्ठ नेताओं के साथ सांसद का केसरिया शाल पटका उड़ाकर मिष्ठान तलवार एवं गदा भेंट कर सम्मानित किया।

मतदाता अभिनंदन यात्रा के अंतर्गत संस्कार गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान एवं मतदाता सम्मान समारोह में सांसद लता बानखेड़े ने कहा कि आप सभी के प्रेम स्नेह ने मुझे पंच से लेकर सांसद तक पहुँचाने का काम किया है अब आप सभी की चिंता करने की जिम्मेदारी मेरी है। विधायक के साथ मिलकर सिरोंज लटेरी के चहुमुंखी विकास के लिए अपना संपूर्ण देने का प्रयास करेंगे। और इस दिशा में हमने काम करना भी प्रारम्भ कर दिया है अभी हाल ही में सिरोंज, लटेरी, शमशाबाद, कुरवाई क्षेत्र की बहुत पुरानी रेल लाइन की माँग को लेकर रेल मंत्री से चर्चा भी की है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित संगठन के कार्यकर्ताओं, क्षेत्र के मतदाता बंधुओं एवं वरिष्ठ नेतृत्व को नतमस्तक होकर प्रणाम करते हुए कहा कि आपने जो विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुझ पर जताया है में उसकी सदैव ऋणी रहूंगी ओर आपके सुख दुख में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी रहूंगी। उन्होंने पद को प्रतिष्ठा के लिए अपितु जनता की सेवा करने का माध्यम बताते हुए कहा कि आप सब अपने आप में लता बानखेड़े हैं और मैं- आप सभी के साथ मिलकर सिरोंज लटेरी के विकास की गाथा को आगे बढ़ाने के साथ तकदीर, तस्वीर बदलने का काम करेंगे।

मतदाताओं के सम्मान समारोह का आभार व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी संगठन की रीति नीति में विश्वास जताते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए हमारी बहन लता दीदी को भारी मतों से विजयी बनाकर लोकसभा भेजा है। मोदी ने हिन्दू मुस्लिम सहित सभी वर्गों का समानता के साथ योजनाओं को लाभ देने का काम किया है।

### पुष्पवर्षा कर किया कार्यकर्ताओं का सम्मान

*कार्यक्रम के समापन पर सिरोंज लटेरी विधानसभा के प्रत्येक बूथ से सम्मान समारोह में पहुँचे। कार्यकर्ताओं का सांसद लता बानखेड़े ने पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। सैकड़ो कार्यकर्ताओ से खचाखच भरे सभागार में उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सिरोंज लटेरी के विकास में और कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नही आने दी जाएगी। शासकीय संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों एवं मंडल पदाधिकारियों में भी सांसद का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।*

मैच देखने के लिए होटलों पर लगी भीड़

## टीम इंडिया की जीत पर युवाओं ने तिरंगा लेकर मनाया जश्न



**सिरोंज।** शनिवार को हुए दक्षिण अफ्रीका और इंडिया के बीच कडे मुकाबलें में टीम इंडिया जीत हासिल की। टीम इंडिया ने टी-20 क्रिकेट विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हरा दिया। टीम इंडिया के मैच जीतने की खुशी में नगर के चांदनी चौक में युवाओं ने जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया।

जिससे देखने में दिवाली जैसा नजारा नजर आया। टीम इंडिया की जीत के बाद रात्रि में युवा अपने घरों से निकले और हाथों में भारतीय तिरंगा लिए जमकर देर रात तक जश्र मनाया गया। उत्साह में मगन युवा सचिन शर्मा,आकाश जैन,प्रवीण शर्मा,शिवम चौरसिया उर्फ बिट्टू भैया,गोलू खत्री,सौरभ रावल,सौरभ मिश्रा ने बताया कि टीम इंडिया ने अच्छी शुरुआत के साथ आखरी दम तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और टीम के सभी खिलाड़ी की एक जुटता से विश्व कप जीतने का मुकाम हासिल किया। हमें हमारी टीम पर गर्व है।

### टीवी के आगें घंटों बैठे रहे क्रिकेट प्रेमी

टीम इंडिया की जीत के बाद रात्रि में क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया। टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच देखने के लिए नगर के चौक चौराहो पर चाय होटल में लगी एलईडी पर मैच देखने के लिए देर रात तक नागरिकों की भीड़ लगी रही। टीम इंडिया के जीतते ही शहर के अनेको चौराहो पर जश्न शुरू हो गया था। यहां ढोल-नगाड़ों की थाप पर प्रशंसक जमकर नाचे। भारत माता की जय के नारों से गगन गूंज उठा। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की।

ऐतिहासिक विजय दिलाने पर मतदाताओं को धन्यवाद दिया

## मन की बात कार्यक्रम में रतनबर्री पहुंचे विधायक, ग्रामीणो को किया संबोधित



**सिरोंज।** रविवार को मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिये क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ग्राम रतनबर्री पहुंचे जहां उन्होने मोदी के द्वारा चलाये जा रहें मन की बात कार्यक्रम को सुना ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश वासियो से मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियो से चर्चा करते है। जिसमें विधायक उमाकांत शर्मा ने लोक सभा में ऐतिहासिक विजय दिलाने में सहभागी हुए सभी मतदाताओ का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए आप सभी ने भाजपा और मोदी के प्रति जो आपार स्नेह वोटो के रूप में दिया वह अदभृत रहा और आज भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश में 29 सीटो पर ही विजय प्राप्त की। साथ ही आप सबके वोटो से जो ऐतेहासिक विजय प्राप्त हुई और आज तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पुनः नरेन्द्र मोदी जी बनें है। वही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि आज जो हम ग्राम-ग्राम सड़को का जाल देख रहे है वह देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कठोर संकल्प का ही परिणाम है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**सांसद तनखा का सागर प्रवास पर स्वागत किया :** सागर। राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तनखा के सागर आगमन पर डॉ संदीप सबलोक ने अपने साथियों सहित पहुंचकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

जन सहयोग से तालाब का गहरीकरण जारी

## एसडीएम ने तालाब सीमांकन के लिए गठित की 7 सदस्यीय टीम

**सिरोंज।** नगर के नया बस स्टैंड स्थित तालाब के सीमांकन को लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी ने 7 सदस्यीय टीम गठित की। उक्त टीम में तहसीलदार संजय चौरसिया,नगर पालिका सीएमओ पवन शर्मा, राजस्व निरीक्षक अमित गुप्ता, हल्का पटवारी नीरज विश्वकर्मा, मनोज पाराशर, रामसिंह राजपूत, अभिषेक पटेरिया आदि शामिल है। यह 7 सदस्यीय टीम जल्द ही पूरे तालाब का सीमांकन कर रिर्पोट एसडीएम को सौपेगी।

एसडीएम द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन अनुसार कस्बा सिरोंज स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 706 रकबा 7. 827 हे। तालाब नगर पालिका का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन-सहयोग से तालाब गहरीकरण कार्य कराया जा रहा है। सर्वे क्रमांक 705 रकबा 0.784 हे। मद पार रास्ता नगर पालिका दुकान आदि सर्वे क्रमांक 483 रकबा 0.848 है तथा शासकीय पार का सीमांकन कराया जाना आवश्यक हो गया है।



# टी-20 में भारत बना विश्व विजेता रात में जमकर हुई आतिशबाजी

### क्रिकेट प्रेमियों ने मनाया जीत का जश्न, भारत माता की जय के लगे नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

शनिवार की आधी रात के लगभग जब टी-20 क्रिकेट के फायनल मैच में भारत की 7 रनों से शानदार जानदार जीत हुई तो क्रिकेट प्रेमी भारत के विश्व विजेता बनने से झूम उठे। नगर के विभिन्न स्थानों पर जमकर नारेबाजी और फटाके फोडने का सिलसिला चलता रहा।

जैसे ही शनिवार को टी-20 क्रिकेट का फायनल मैच शुरू हुआ हजारो क्रिकेट प्रेमी टीवी सेट के सामने जमे रहे। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच हो रहे फायनल मैच में जब दक्षिण अफ्रिका बल्लेबाजी कर रहा था, तक एक बार तो ऐसा लगा कि भारत के हाथों से मैच निकल रहा है। परंतु जिस प्रकार भारत के खिलाडियो ने बेहतर गेंदबाजी कर दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिराए और गेंद रनों का अंतर कम होता गया तो भारत की जीत सुनिश्चित लगने लगी। आखिरकार भारत की 7 रनों से हुई शानदार जीत और 17 वर्षो बाद टी-20 में विश्व विजेता बनने का सपना पूरा हो गया।

### सड़कों पर आए खेल प्रेमी

जैसे ही टी-20 में भारत की जीत हुई संपूर्ण नगर के गली मोहल्लो में आतिशबाजी फटाके फूटने लगे। घरों से बाहर निकले क्रिकेट प्रेमियो ने भारत की जीत का जश्न मनाते हुए जमकर भारत माता की जय के नारे लगाये जाते रहे और जीत के जश्र में लोग सड़कों पर नाचते झूमते भी रहे।

## लाखा बंजारा झील में शुरू हुई मोटर, पैडल बोट संभाग कमिश्नर, कलेक्टर ने की क्रूज सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर




सागर वासियों की भावनाओं से जुड़ी लाखा बंजारा झील में जहां सौंदर्यकरण का कार्य किया गया। वहीं अब इसमें शहरवासियों को झील में घूमने के लिए मोटर एवं पेडल वोट उपलब्ध कराई गई है । आज संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, कलेक्टर दीपक आर्य, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री ने आज लाखा बंजारा झील में मोटर वोट का आनंद लिया एवं झील में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि लाखा बंजारा झील में पर्याप्त पानी आते ही क्रूज भी प्रारंभ किया जाएगा। इसी प्रकार संजय ड्राइव पर क्रूज वाले स्थान पर सर्व सुविधा युक्त बात अनुकूलित रेस्टोरेंट भी शुरू किया गया है। उन्होंने शहर वासियों से अपील की है कि आप सभी इस सुविधा का लाभ अवश्य लें ।संभाग कमिश्नर रावत, कलेक्टरएवं नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री ने लाखा बंजारा झील पहुंचकर मोटर वोट में पूरी सुरक्षा कवच के साथ तैनात होकर संपूर्ण झील का निरीक्षण किया एवं मोटर वोट का आनंद भी लिया । संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि यह सागर जिलेवासियों के लिए जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराई गई है और इससे शहरवासी अब पूरी झील का आनंद ले सकेंगे। नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री ने बताया कि मोटर एवं पैदल वोट में घूमने के लिए शुल्क निर्धारित किया गया है जिसको शुल्क देने के पश्चात आप इस वोट का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि वोट में बैठने से पहले सभी को सुरक्षा जैकेट धारण करना होगी उसी के पश्चात लाखा बंजारा झील का आनंद ले ।

## बारिश से भीगा संपूर्ण क्षेत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

शनिवार की सुबह से आसमान में घने काले बादलों का डेरा बना हुआ था। दोपहर बाद तेज हवा चलने के साथ कही तेज तो कही हल्की बारिश से ऐसा लगा कि अब वर्षाकाल प्रारंभ हो रहा है। तापमान में गिरावट के साथ हवाओं में ठंडक आने से क्षेत्र के निवासी भीषण गर्मी, तेज धूप और उमस के बने माहौल से राहत महसूस करने लगे।

हमेशा मानसून की बारिश 8-10 जून को शुरू हो जाया करती थी। इस बार बारिश की खेंच और 15 दिनो का बिलम्ब धान की खेती को प्रभावित कर रहा है। जब तक दो-चार बार जोरदार बारिश नहीं हो जाती, धान की खेती का कार्य शुरू होने और गर्मी, उमस से पूरी तरह राहत मिलना कठिन लग रहा है।

### जोरदार बारिश का इंतजार

शनिवार को दिन में अच्छी बारिश हुई हो परंतु जून माह में बहुत कम बारिश होने से तेज गर्मी, उमस से नगर के साथ संपूर्ण क्षेत्र के निवासी और किसान भारी हैरान परेशान बने हुए हैं। जून माह में जिस प्रकार प्रचंड गर्मी, तेज धूप का लंबा मौसम बना रहा। उससे जून के अंतिम दिनों में हो रही छुटपुट हल्की बारिश से ऊंट के मुंह में जीरे के समान राहत मिलती नजर आ रही है।

## धान की खेती करने वाले किसान अच्छी बारिश का कर रहे इंतजार

**हैदरगढ़।** क्षेत्र में किसानों के द्वारा इस वर्ष धान की खेती को लेकर एक माह पूर्व अपने खेतों में धान के गढ़े तैयार कर लिए गए थे कि इस बार अच्छी बारिश होते ही अपने खेतों में धान की रोपाई कर समय से धान की खेती करेंगे । किसानों के द्वारा अपने निजी पानी के संसाधनों के द्वारा धान की पौधे खेतों में लगा दी गई थी पौध तैयार हो चुकी है। धान के गढ़े भी तैयार है, परंतु अब तक क्षेत्र में अच्छी बारिश न होने की वजह से गढे सूखे पड़े हुए हैं, किसान अच्छी बारिश के इंतजार में है कि जैसे ही पानी से गढ़े भर जाएंगे वैसे ही गढ़ों को मचाकर धान रोपाई का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अब देखने में आ रहा है कि जिनके पास पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है वह किसान अब अपने खेतों में मजदूरों के द्वारा धान की रोपाई करवा रहे। परंतु जिनके पास पानी की उपलब्धता नहीं है वह किसान अब आसमान वाले से आस लगाए हुए हैं कि जल्द से जल्द अच्छी बारिश हो और उनके खेतों में धान की फसल लहराने लगे। क्षेत्र में रिमझिम वर्षा हो रही है । जिसके चलते चीकली के किसान सुरेश पटेल ने बताया कि अच्छी बात ना होने से धान की फसल में पर्याप्त पानी नहीं हो पा रहा है किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है । जिन किसानों ने अपने खेतों में सोयाबीन की फसल लगाई थी वह फसल अब खेतों में अंकुरित हो गई है । वह खेत सोयाबीन की फसल से हरे-भरे दिखने लगे।

## 16 जुलाई को जिला चिकित्सालय में सुपर स्पेशयलिटी सेवाओं के लिए विशेष कैंप का होगा आयोजन

**सागर।** विधायक शैलेंद्र जैन ने सीएमएचओ डॉ ममता टिमोरी, सिविल सर्जन डॉ आर एस जयंत, पूर्व सिविल सर्जन डॉ अरुण सराफ के साथ जिला चिकित्सालय पहुंचकर वहां का निरीक्षण किया, उल्लेखनीय है कि 16 जुलाई को विधायक जैन द्वारा बंसल हॉस्पिटल के सहयोग से गंभीर बीमारियो जैसे हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी जैसी गंभीर बीमारियो के लिए जिनके चिकित्सक जिला चिकित्सालय एवं बीएमसी में उपलब्ध नहीं है उनके उपचार हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

## मंत्री ने दिव्यांगों के साथ सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



रविवार को क्षेत्र के विधायक और प्रदेश के स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने नगर एवं क्षेत्र के दिव्यांग जनो पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली मन की बात कार्यक्रम को देखा सुना गया। इस अवसर पर अपने कार्यालय में लगे जनता दरबार में क्षेत्र से आए लोगों की समस्याए सुनी और उपस्थित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उदयपुरा नाके के पास स्थित रायमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में छोटे-बडे दिव्यांगों की उपस्थिति रही। शुभम धाकड़ द्वारा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए संस्था चलाई जा रही है। उत्साहित बच्चों के बीच बैठकर रायमंत्री पटेल ने प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा सुना। इस अवसर पर राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लोगों की मन की बात करते हैं। मोदी की मन की बात हमे प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के बाद राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने जनता दरबार लगाकर नगर एवं क्षेत्र से लोगो की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनता दरबार कार्यक्रम में राज्यमंत्री पटेल के साथ एसडीएम संतोष मुदगल, विभिन्न विभागो के अधिकारियो, कर्मचारियों, नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, सीएमओ हरिशंकर वर्मा सहित भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ता ओ की उपस्थिति रही।

# नर्मदा तटों से पकड़ी रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



नर्मदा मैया का आंचल छलनी कर रेत माफिया द्वारा दिन रात नर्मदा तटों से रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन किया जा रहा है।

रेत के खेल में प्रतिबंध के बाद भी मशीनों का रेत माफिया द्वारा उपयोग किया जा रहा है। बिना रायल्टी ओवरलोड नर्मदा रेत के परिवहन में लगे ट्रेक्टर ट्रालियों से प्रति चक्कर हजारों की अवैध वसूली के लिए गिरोह सक्रिय है। पिछले दिनों सोजनी में रेत से भरी ट्रेक्टर ट्रालियां पकड़ी गई थीं। शनिवार को मोतलसिर नर्मदा तट से रेत से भरी चार ट्रेक्टर ट्रालियो को पकड़ कर बाड़ी थाने में खड़ा किया गया। एक ओर जहाँ देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलो के नर्मदा तटों से प्रतिदिन बिना रायल्टी दिए ट्रैक्टर ट्रालियों से भारी मात्रा में नर्मदा रेत का परिवहन हो रहा है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न स्थानों से मिट्टी और नदी नालों की बजरी का भी खदाने न होने के बाद उत्खनन और बिना रायल्टी परिवहन हो रहा है। नर्मदा के साथ नदी नालों में रेत, मिट्टी, बजरी के लिए हो रहे अवैध उत्खनन से खनिज माफिया द्वारा प्रतिदिन भारी कमाई की जा रही है। शासन को प्रतिदिन हजारों रुपए रायल्टी का नुकसान होने के साथ नदी नालो का स्वरूप बिगड़ने, भूमि कटाव और बाढ़ के दौरान जल भराव, जल फैलाव की नुकसानदायक स्थिति भी बन रही है।

### मजबूत खूफिया तंत्र

रेत माफिया का स्थान-स्थान पर मजबूत खूफिया तंत्र बना हुआ है। जैसे ही अधिकारियों के वाहनों का रूख खदानों के रास्तों पर होता है, तुरंत सूचना मिल जाने से अवैध उत्खनन परिवहन में लगे लोग सक्रिय हो जाते हैं। पिछले दिनों एसडीएम संतोष मुदगल ने पुलिस राजस्व की टीम के साथ सोजनी खदान पर कार्यवाही की तो रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां छोड़कर चालक भाग गए। रेत के अवैध कारोबार और मोटी कमाई के चल रहे खेल में नीचे से ऊपर तक मिली भगत है।

## बाड़ी की गैस एजेंसी मनमर्जी पर उतारू

# उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है परेशानी का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी




इण्डियन रसोई गैस वितरक की कार्यप्रणाली से हजारों उपभोक्ता परेशान हैं रसोई गैस कंपनी के नियमों की अनदेखी की जा रही है । उपभोक्ता अपने निजी वाहनों से खाली सिलेंडर लेकर यहां से वहां दौड़ लगा रहे है ।

नियंत्रणकर्ता खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जेब गर्म कर अवस्थाओं से आंखें मूंदे बैठे हैं। पिछले लंबे समय से इंडियन रसोई गैस के स्थानीय वितरक पुष्कर इंडियन की अवस्थाओं से उपभोक्ताओं को सुविधाजनक ढंग से रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। वितरक रसोई गैस कंपनी के नियम को ताक में रख दिया है जिससे हजारों उपभोक्ताओं को सिलेंडर प्राप्त करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वितरक ने सिलेंडर को घर पहुंचाने की सुविधा बंद कर रखी है उपभोक्ताओं को सीधे गोदाम से सिलेंडर प्रदान किए जा रहे हैं। उपभोक्ता रसोई गैस से भरे सिलेंडर अपने निजी दोपहिया वाहनों से डोह रहे हैं वितरक के कार्यलय से गोदाम की दूरी लगभग 2 कि.मी है बक्तरा रोड पर यातायात का दबाव रहता है ऐसे में रसोई गैस से भरे सिलेंडर लेकर जाना गंभीर हादसे का संकेत देता है। रसोई गैस वितरक के कार्यालय का ऐसा आलम है कि वहां कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं है। उपभोक्ता ऑनलाइन बुकिंग करा रहे हैं किंतु उन्हें भरा सिलेंडर तो प्राप्त नहीं हो रहा है बल्कि सिलेंडर डिलीवर होने का मैसेज भेजा जा रहा है।

वितरक के कार्यालय में इंडियन गैस के अधिकारियों का संपर्क नंबर लिखा है इस नंबर पर संपर्क करने पर जानकारी दी जाती है कि नंबर सेवा में नहीं है। गोदाम से वितरित किए जा रहे सिलेंडर की कीमत में घर पहुंच सेवा का शुल्क भी वसूला जा रहा है। गैस कंपनी के निर्देश अनुसार गोदाम से वितरण नहीं किया जा सकता हैं।

# 37 लाख रुपए से बनकर तैयार हुई गौशाला बिजली व पानी के अभाव में नहीं हो पाई शुरू

## बड़ी संख्या में सड़कों में बैठ रहे मवेशी, जाम और दुर्घटना का बन रहे कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सरकारी पैसे का दुरुपयोग किस तरह से होता है इसका जीता जागता उदाहरण सांची जनपद के अंतर्गत आने वाली गीदगढ़ पंचायत में बनी यह गौशाला देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं। 37 लाख 85 हजार रुपए लागत से बनकर तैयार हुई गोशाला बिजली और पानी के अभाव में आज भी वीरान पड़ी हुई है। उस गौशाला का निर्माण 17 सितंबर 2020 से शुरू हुआ था और लगभग डेढ़ साल पहले बनकर तैयार हुई ये गौशाला अब तक शुरू नहीं हो पाई है। गौशाला सिर्फ शोपीस बनकर रह गई है। और मवेशी आज भी सड़कों पर दम तोड़ रही हैं। मगर जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। और तो और गौशाला के बाहर लगाए गए लोहे के गेट भी किसी व्यक्ति द्वारा तोड़ दिए गए हैं। देखरेख के अभाव में गौशाला के ऐसे हालात बन रहे हैं।

### डेढ़ साल से बिजली पानी के अभाव में बंद पड़ी है गोशाला

रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम गीदगढ़ में क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने 4 साल पहले इस गौशाला का भूमि पूजन किया था और इसका कार्य 17 सितंबर 2020 से शुरू हो गया था। गौशाला के स्वीकृत होने से क्षेत्रीय लोगों को काफी उम्मीदें थी आवारा मवेशियों को अब ठिकाना मिल जाएगा। और किसानों की फसलें भी अब काफी हद तक उजड़ने से बच जाएंगी और भोपाल विदिशा हाईवे पर मवेशियों से हो रहे हादसों में भी कमी आ जाएगी। मगर क्षेत्र के लोगों की उम्मीदों पर जिम्मेदारों ने पानी फेर दिया है। डेढ़ साल हो गए हैं इस गौशाला को कंप्लीट हुए बिजली और पानी के अभाव में यह गौशाला आज तक चालू नहीं हो पाई है। जो सिर्फ शोपीस बनकर रह गई है और मवेशी आज भी सड़कों पर मारी मारी फिर रही है। 37 लाख 85 हजार रुपए लागत से बनकर तैयार हुई गौशाला सफेद हाथी साबित हो रही है। अब देखने वाली बात होगी कब तक गौशाला चालू हो पाती है और इन आवारा मवेशियों को कब तक ठिकाना मिल पाता है।



### सड़कों पर बैठ रहे मवेशी, जाम और दुर्घटना का बन रहे हैं कारण

भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे के सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, कुल्हाड़ियां, दीवानगंज, त्रिमूर्ति चौराहा सहित अन्य रोडों पर शाम होते ही दर्जनों आवारा मवेशियों के जगह-जगह जमघट लग जाते हैं, जिससे आए दिन रोड पर हादसे हो रहे हैं और बार-बार रोड पर जाम की स्तिथि भी बन जाती है। सरकार के नुमाईंदे और प्रशासनिक अफसरों का इस और ध्यान नही दे रहा है। जबकि भाजपा सरकार ने कहा गया था कि गांव-गांव में गोशालाओं का निर्माण किया जाएगा। और मवेशियों को रोड पर नहीं छोड़ा जाएगा। जिसकी शुरुआत भी हुई कुछ पंचायतों में गोशालाएं बनी, लेकिन दो साल बाद भी स्तिथि वहीं की वहीं है। कुछ पंचायतों में गौशाला निर्माण पूरे हो गए हैं। और कुछ पंचायतों में अधूरे पड़े हुए हैं। जिन पंचायत क्षेत्रों में गौशाला निर्माण पूरे हो चुके हैं वहां भी इन रोड पर बैठे मवेशियों को नही रखा जा रहा है। इसी वजह से प्रतिदिन हादसे बढ़ते ही जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों को आस थी कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है तो गायों को गोशाला में भेजा जाएगा। लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद भी स्तिथि वहीं की वहीं है।

### सुनारी में गौशाला का निर्माण कार्य पैसों की कमी के चलते रुका

सांची जनपद की ग्राम पंचायत सुनारी में भी 38 लाख रुपए लागत की गौशाला का निर्माण कार्य पैसों की कमी के चलते रुक गया है। जिसकी वजह से मवेशी रोड पर ही बैठे हैं। इसी वजह से प्रतिदिन सड़क हादसे बढ़ते ही जा रहे हैं। जबकि गौशाला का भूमिपूजन 3 जुलाई 2021 को पूर्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने करते हुए कहा था कि गोशाला के निर्माण के साथ साथ उसका संचालन सही तरीके से किये जाने पर ही गोशाला निर्माण का उद्देश्य पूर्ण होगा। ये कार्य सेवा का कार्य है।

गायों के सड़कों पर बैठने से वाहन दुर्घटनाओं की समस्या बनी रहती है। गोशाला बनने से इस समस्या के निराकरण में भी मदद मिलेगी।उन्होंने कहा था कि गौशालाओं के बेहतर प्रबंधन और संचालन के लिए गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी काम किया जाएगा। इसके लिए गौशालाओं में गौकाष्ठ, गोबर गैस, जैविक खाद सहित कीटनाशक निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा। लेकिन भूमि पूजन के 3 साल बीत जाने के बाद भी मौके पर सिर्फ पिलर और जगह की पूरनी ही हो पाई है।

#### शुरू करेंगे

बिजली और पानी की समस्या की वजह से गौशाला शुरू नहीं हो पा रही है। हमने इस संबंध में रायसेन कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और सांची जनपद सीईओ को पत्र के माध्यम से जानकारी दी है। जैसे ही पानी और बिजली की व्यवस्था हो जाती है। गौशाला शुरू कर दी जाएगी।

**-लीलाकिशन अहिरवार,** सरपंच ग्राम पंचायत गीदगढ़।

सांची जनपद की ग्राम पंचायत सुनारी सलामतपुर में 38 लाख रुपए लागत की गौशाला का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। जबकि भूमिपूजन किए हुए 3 साल हो चुके हैं।

**मूलचंद यादव,** पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत सुनारी सलामतपुर।

# भारत के टी 20 के विश्व विजेता बनने पर जमकर मनाया जश्न




**रायसेन।** विश्व कप में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर विश्व विजेता बन गया है। भारत की ऐतिहासिक जीत पर पूरे भारत में खुशी का माहौल छाया गया। जैसे ही भारत ने जीत दर्ज कराई इसके बाद रायसेन में लोग चौक चौराहे और सड़कों पर आ गए और जमकर खुशी मनाने के साथ आतिशबाजी की, जिससे पूरा नजारा दिवाली से नजर आया लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर तिरंगा लहराया और भारत की जीत कर खुशियां मनाएं। खुशियां मना रहे रायसेन शहर के क्रिकेट प्रेमी मोनू पारे, विकी नामदेव विवेक सोनी ने बताया कि 17 साल बाद भारत में दक्षिण अफ्रीका के पास जाते हुए खिताब को अपनी तरफ मोड़ लिया और अफ्रीका को हराकर एक बार फिर T20 का किताब अपने नाम किया है। इसी खुशी में आज रायसेन में जश्न मनाया जा रहा है बाकी सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है इसको लेकर उनको बधाई।

# नो एंट्री में घुस रहे वाहन, रोकने वाला कोई नहीं

## बाजार में चार पहिया वाहनों के घुसने से अक्सर लग जाता है लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शहर के सबसे व्यस्थ भोपाल रोड चोरहा से सांची रोड मार्ग जो की नो एंट्री जोन में आता है इसके बावजूद चार पहिया हैवी वाहन नो एंट्री जोन में घुस जाते हैं। ट्रैफिक पुलिस अथवा जिला पुलिस के कर्मचारी यहां तैनात रहते हैं, इसके बावजूद नो एंट्री में घुसने वालों को रोकने वाला कोई नहीं।

बाजार में चार पहिया वाहनों के घुसने से अकसर लंबा जाम लग जाता है। बता दें कि बाजारों में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के चलते पहले ही यहां से गुजरना मुश्किल होता है, वहीं बिना रोक-टोक नो एंट्री में घुस रहे चार पहिया वाहन लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। इनके कारण लोग लंबे समय तक लंबे जाम में फंसे रहते हैं। हालांकि, ट्रैफिक पुलिस शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बहाल रखने में पूरी मुस्तैदी से पेश आने का ढिढोरा पिटती रहती है, मगर जमीनी स्तर पर होता कुछ भी नहीं है। गौरतलब है कि शहर के मुख्य मार्ग पर दुकानदारों ने दुकानों के बाहर सामान रख कर अस्थायी कब्जे किए हुए हैं। बाजार में पुलिस कर्मचारी की तैनाती के बावजूद चार पहिया वाहन चालक बेखौफ होकर नो एंट्री में घुस रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा खानापूर्ति के लिए नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ वाहन चालकों के चालान काटे जाते हैं, पर अधिकतर वाहन चालकों पर पुलिस का रवैया भी नरम ही रहता है। इसके अलावा नगर पालिका के आदेश के बावजूद बाजारों में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर भी किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इस बारे में ट्रैफिक इंचार्ज लता मालवीय जी का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस की तरफ से समय-समय पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे जाते हैं और दुकान के बाहर सामान लगाकर कब्जा करने वाले दुकानदारों पर नगरपालिका के साथ मिलकर सामान भी अंदर करवाया जाता है।

# नवजात की जान लेने की कोशिश करने वाली मां को नहीं मिलेगा बच्चा

## डिलीवरी से 20 दिन पहले ही पति के छोड़ने से आहत थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तहसील के सियरमऊ गांव से टडा जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे खेत में नवजात को झाड़ियों में फेंकने वाली मां को बच्चा वापस नहीं सौंपा जाएगा। बच्चे की देखरेख कर रही बाल कल्याण समिति ने ये फैसला किया है। समिति का कहना है कि बच्चे की जान को मां से खतरा है।

दरअसल 25 जून की सुबह ग्रामीणों ने नवजात को झाड़ियों में देखा तो उसे अस्पताल ले गए। उसके हाथ में बंधे अस्पताल के बैंड से उसकी और माता-पिता की पहचान हुई। पुलिस ने नवजात की मां राजकुमारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इस पूरे मामले का दुखद पहलू ये भी है कि बेटी के इस कृत्य से दुखी उसके पिता ने घटना के दूसरे ही दिन फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। राजकुमारी का मायका सियरमऊ के बगल स्थित घाना गांव में है। उसकी शादी मेहका गांव निवासी मनीष आदिवासी के साथ हुई थी। राजकुमारी के मायके में पिता शिवराज, मां व एक छोटा भाई हैं। परिवार काफी गरीब है और एक झोपड़ी में रहता है।सिलवानी थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि 25 मई की सुबह सियरमऊ गांव के ग्रामीणों से नवजात बच्चे के मिलने की खबर मिली थी। नवजात की हालत काफी खराब थी। उसके हाथ में अस्पताल का बैंड बंधा था। इसमें मां का नाम राजकुमारी और पिता का नाम मनीष लिखा था।

### बोलीः बच्चे को लेकर संदेह करता था पति



*राजकुमारी ने पूछताछ में बताया कि डिलीवरी के 20 दिन पहले उसका पति मनीष से विवाद हो गया था। उसने उसे छोड़ दिया है। आदिवासी परंपरा में दोनों पक्ष बैठकर आपस में तलाक का फैसला ले लेते हैं। इसी तरह से राजकुमारी का भी तलाक हुआ है। पुलिस ने राजकुमारी से पति से विवाद को लेकर पूछताछ की तो उसने पुलिस को अलग-अलग बयान दिए। बाद में पुलिस की सख्ती दिखाने पर बोली कि पति बच्चे को लेकर ही संदेह करता था। उसका कहना था कि ये बच्चा उसका नहीं है। इसी विवाद के चलते पति से उसका अलगाव हो गया। पति बोला- मायके में ही रहती थी राजकुमारी राजकुमारी के पति मनीष से भी बात की। उसने बताया कि उसका और राजकुमारी के गांव के बीच की दूरी 20 किमी है। वह खेती किसानी करता है, तीन साल पहले उसकी राजकुमारी से शादी हुई थी। मनीष ने बताया कि वह अक्सर बीमार रहती थी इसलिए शादी के बाद से ही मायके में ज्यादा रहती थी। वह तीन महीने पहले केवल एक रात के लिए ससुराल आई थी। मनीष ने ये भी कहा कि राजकुमारी ने जिस बेटे को जन्म दिया वह उसका बेटा नहीं है। मनीष से पूछा कि अस्पताल में तो पिता के रूप में उसी का नाम लिखवाया है, तो बोला कि लिखवा दिया होगा, मुझे पता नहीं। ये भी कहा कि राजकुमारी ने बेटे को जन्म दिया है, इसकी जानकारी उसे फेसबुक से मिली थी।*

### मां को नहीं सौंपा जाएगा बच्चा

बाल कल्याण समिति रायसेन के अध्यक्ष अतुल दुबे के मुताबिक सिलवानी पुलिस ने 25 जून को ही नवजात के मिलने की सूचना और इस मामले में दर्ज एफआईआर की कॉपी भेजी थी। बच्चे को पहले दिन से ही समिति ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। अभी उसका रायसेन जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में उपचार जारी है। उसे सांस लेने में दिक्कत है। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। अतुल दुबे ने बताया कि फिलहाल फोकस बच्चे के हेल्थ पर है। उसके ठीक होने के बाद उसे उसकी मां या परिवार को नहीं सौंपा जाएगा। क्योंकि वहां उसकी जान को खतरा है।

## सेवा निवृत्ति होने पर किया विदाई समारोह



**सांची।** विकासखंड के जनपद कार्यालय में विदाई समारोह मनाया गया विदाई समारोह रामचंद्र मेहर जी और उनके साथी हरिनारायण शर्मा जी को सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पद से सेवा निवृत्ति किया गया है। इन्होंने अपने पद पर रहते हुए 41 साल लोगों की सेवा की है। इस उपलक्ष में सभी जनपद कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों ने मिलकर इन दोनों को विदाई दी विदाई देने में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बंधु सूर्यवंशी खंड पंचायत अधिकारी अजय असैया वरिष्ठ एडीईओ अरविंद तारण और सभी जनपद स्टाफ साथ में रहा।

# 180 किलोमीटर का विहार कर सिलवानी आएगा आर्यिका संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



नगर में आर्यिका आराध्यमति माताजी का ससंघ चातुर्मास होना तय हो गया है, चातुर्मास को लेकर नगर की अखण्ड दिगंबर जैन समाज में हर्ष देखा जा रहा है।

समाज के द्वारा आर्यिका संघ के चातुर्मास कराने को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी है। आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य आचार्य समय सागर महाराज की आज्ञानुवर्ती आर्यिका आराध्य मति माताजी के द्वारा संसघ नगर में चातुर्मास किया जाएगा। आचार्य समय सागर महाराज के द्वारा जैन समाज कं आग्रह पर इसकी अनुमति दी गई है, आर्यिका संघ के चातुर्मास कलष की स्थापना पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में की जाएगी। जानकारी के अनुसार आर्यिका आराध्यमति माताजी तीर्थक्षेत्र कुण्डलपुर में विराजमान थी, बीते दो दिन पूर्व उनका ससंघ सिलवानी के लिए विहार हो गया है।

आर्यिका संघ 180 किमी विहार कर सिलवानी की धरा पर प्रवेश करेगा, माताजी के संघ में आर्यिका अचिंत्यमति माताजी तथा आर्यिका उचितमति माताजी शामिल है। बताया जा रहा है कि चातुर्मास कलष की स्थापना 21 जूलाई तक किया जाना है, कयास लगाए जा रहे है कि आर्यिका संघ का 15 जूलाई के आसपास नगर में प्रवेश हो जाएगा।

# हलाली इंटकवेल बना रही जोधपुर-राजस्थान के 6 कर्मचारियों पर मारपीट के मामले में एफआईआर

## कमरे में बंद करके 6 लोगों ने बेल्ट डंडों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर




लगभग 100 करोड़ की लागत से हलाली इंटकवेल का कार्य कर रही जोधपुर राजस्थान की आईटीडीसीसी कंपनी के सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मचारियों ने एक मज़दूर को दहीढ़ा गांव में प्लांट के पास कमरे में बंद करके उसके साथ बेल्ट व डंडों से जमकर मारपीट की।

पिटाई से मज़दूर की आंख और पीठ पर गंभीर चोट आईं हैं। सलामतपुर पुलिस ने फरियादी मनफूल अहिरवार पिता गणेशराम अहिरवार निवासी वार्ड नम्बर 13 अशोकनगर कालोनी पाटनदेव रायसेन की रिपोर्ट पर कंपनी के 6 कर्मचारियों रामस्वरूप, अनोप, लालचंद, मनोज, मनीष और किशन सभी निवासी राजस्थान के विरुद्ध मारपीट के मामले में धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी का मामला पंजीबद्ध किया है। जानकारी अनुसार हलाली बांध पर इंटकवेल बना रही राजस्थान की कंपनी जिसका कार्य दहीढ़ा गांव में चल रहा है। उसमें फरियादी मनफूल अहिरवार निवासी रायसेन पाईप फिटिंग का काम करता है। उसका तीन दिन पहले बालमपुर में कंपनी सुपरवाइजर अनोप से विवाद हुआ था। जिसमें दोनों के बीच मारपीट भी हुई थी। इसी बात को लेकर फिर कंपनी सुपरवाइजर अनोप ने अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर दहीढ़ा गांव में इनके अस्थाई निवास पर बेल्ट और डंडों से मनफूल के साथ जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसकी आंख और पीठ पर गंभीर चोंटे आ गईं। पुलिस ने मनफूल का मेडिकल सांची सिविल अस्पताल में कराकर मामले को जांच में लिया है।

### कंपनी का इंचार्ज लगा रहा समझौते के प्रयास में

जोधपुर राजस्थान की कंपनी के इंचार्ज दिलीप विश्नोई कर्मचारियों में मारपीट होने के बाद दिन भर समझौते के प्रयास करते नज़र आए। बताया जा रहा है कि पहले उनका फरियादी मनफूल अहिरवार से समझौता भी हो गया था। लेकिन बाद में मनफूल ने मना करते हुए कंपनी के 6 स्थाई कर्मचारियों रामस्वरूप, अनोप, लालचंद, मनोज, मनीष और किशन पर मारपीट का मामला दर्ज करा दिया। पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# पानी को लेकर फूटा नागरिकों का आक्रोश, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज



नगर परिषद गैरतगंज मे मुख्यमंत्री जलआवर्धन योजना के अन्तर्गत विगत बर्षो शासन द्वारा लगभग 20 करोड रुपये नगर की पेय जल आपूर्ति बनाने हेतु व्यय किये गये थे जिसके तहत वेगमगंज तहसील अन्तर्गत आने बाले सेमरी जलाशय से पाईप लाईन विछा कर नगर की पेय जल आपूर्ति बनाई गई थी।

यह कार्य योजना शुरू से ही नागरिकों के लिए मुसीबत बनी हुई है। इस कार्य को अंजाम देने वाले व्यक्तियो द्वारा कमीशन खोरी जम कर भ्रष्टाचार के चलते शुरू से ही यह योजना नगर में पेयजल आपूर्ति नही करा पा रही है। विगत चार बर्षों से ऐसा कोई भी दिन बाकी नही जा रहा जो कि पाईप लाईन नही फूट रही हो। रविवार नगर के वार्ड क्रमांक एक दो के समीप लाईन फूटने से बहां के निवासियों एवं व्यपारीयो के निवास एव दुकानो मे पानी भर जाने से उनके लाखो का नुकसान हो गया इसी बात से नाराज हो कर बहां के निवासियों द्वारा सडक मार्ग पर चक्का जाम कर दिया गया जो काफी देर तक जारी रहा तव कही जाकर प्रशासनिक अधिकारी चक्का जाम स्थल पर पहुंचे तो बहां के निवासियों द्वारा बताया गया कि पेय जल आपूर्ति हेतु जो लाईन विछाई जा रही है बह मकानों एवं दुकानो से सटा कर विछाई जा रही है जो आये दिन फूट रही है और लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर रहा है।

## बेटी ने किया नाम रोशन एमपी पीएससी में मारी बाजी



**बाड़ी।** वर्ष 2021 एमपीपीएससी परीक्षा में चयन के बाद डीएसपी बनी गांव भीस्ती की बेटी महिमा चौधरी के डीएसपी बनने पर बाड़ी क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में नगर में सहायक अध्यापक दिलीप सिंह चौधरी की पुत्री महिमा के इस पद पर चयन होने पर नगर के लोगों ने स्वागत जुलूस निकालकर जगह-जगह बेटी का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। अनुभव को मिला सम्मान जुलूस प्रिया जनरल स्टोर से प्रारंभ हुआ नया बस स्टैंड पर राजेश चौहान के निज निवास पर परिवार जनों ने बेटी महिमा का भव्य स्वागत किया। हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष छोटू चौहान ने एवं समस्त नगर वासियों ने स्वागत किया।